RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

दैनिक नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक

वन्दे मातरम्

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण, रोहित शर्मा को पद्मश्री सम्मान

## शिबु सोरेन-अलका यागनिक को पद्म भूषण, 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार का ऐलान

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री शामिल हैं।

दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबु सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका यागनिक को पद्म भूषण दिया जाएगा। क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी प्लेयर सविता पूनिया पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 19 महिलाएं हैं। इनमें 6 विदेशी/NRI/PIO/OCI कैटेगरी के लोग भी हैं। 16 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

### धर्मेन्द्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण

दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज केटी थॉमस, कम्युनिस्ट नेता वीएस अच्युतानंदन समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण अवॉर्ड की घोषणा की गई है।





### शिबू सोरेन-अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण

मशहूर सिंगर अल्का याग्निक, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण सम्मान दिया जाएगा।

### रोहित शर्मा-हरमनप्रीत समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री

क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री के लिए चुना गया है।

### राजस्थान पुलिस के 17 अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को राजस्थान पुलिस के जवानों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति मेडल सहित विशेष पदक से कुल 17 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी लिस्ट के अनुसार राजस्थान पुलिस में एसपी शांतनु कुमार सिंह को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा।

**सूचना**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यालय में 26 जनवरी को अवकाश रहेगा अतः अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा।

-सम्पादक













मन की बात- पीएम ने मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं

# नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटें, भारत दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम : मोदी




नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 130वें एपिसोड में मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है। लोगों से नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटने की अपील की। पीएम ने सोशल मीडिया पर चल रहे 2016 की तस्वीरें शेयर करने के ट्रेंड पर बात की। उन्होंने अपनी सरकार के काम पर बात करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम बन चुका है। ये स्टार्टअप लीक से हटके हैं, जिनके बारे में 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी युवा साथियों को सैल्यूट करता हूं, जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या नया स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। पीएम ने भारतीय प्रडोक्ट्स को लेकर कहा कि हम सभी का एक ही मंत्र हो क्वालिटी क्वालिटी और क्वालिटी। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब बन जाए क्वालिटी। हम संकल्प लें कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा।

### मतादाता दिवस को लेकर कहा- नए वोटर को बधाई दें

पीएम ने कहा- जैसे हम जन्मदिन मनाते हैं उसी तरह, जब भी कोई युवा पहली बार वोटर बनता है, तो पूरे मोहल्ले, गांव या शहर को एक साथ आकर उसे बधाई देनी चाहिए और मिठाई बांटनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इससे वोटिंग के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और यह भावना मजबूत होगी कि वोटर होना कितना जरूरी है। इससे पहले पीएम ने ट्वीटर पर वोटर्स डे से जुड़ा एक लेटर भी शेयर किया।

पीएम ने स्टार्टप इंडिया पर कहा कि,द्ध, स्पेस, न्यूक्लियर एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन, बायोटेक्नोलॉजी... आप नाम लीजिए और आपको कोई न कोई भारतीय स्टार्टअप उस सेक्टर में काम करता हुआ मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी युवा दोस्तों को सलाम करता हूं जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं।

### तमसा नदी का जिक्र किया

पीएम ने उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ की तमसा नदी के लिए कहा कि लोगों ने तमसा नदी को नया जीवन दिया है। तमसा सिर्फ एक नदी नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की एक जीवित धारा है। यह नदी, जो अयोध्या से गुजरती है और गंगा में मिल जाती है. कभी इस क्षेत्र के लोगों के जीवन का आधार थी। हालांकि, प्रदूषण के कारण इसका लगातार प्रवाह बाधित हो गया था।

इसी तरह की जनभागीदारी की कोशिश आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में भी देखी गई है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो गंभीर सूखे से जूझ रहा है। यहां की मिट्टी लाल और रेतीली है, जिस वजह से लोगों को पानी की कमी का सामना करना पड़ता है।

इस कोशिश के तहत, 10 से ज्यादा जलाशयों को फिर से जिंदा किया गया है। ये जलाशय अब पानी से भर रहे हैं। साथ ही, 7,000 से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। इसका मतलब है कि पानी बचाने के साथ-साथ अनंतपुर में हरियाली भी बढ़ी है।



# गणतंत्र दिवस पर 52 विभूतियां होगी सम्मानित

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** गणतंत्र दिवस पर उपखंड कार्यालय चिड़ावा द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उपखंड अधिकारी डॉ. नरेश सोनी की अध्यक्षता में गठित समिति ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 52 प्रतिभाओं का चयन किया है। इन सभी को 26 जनवरी को आयोजित मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### समाजसेवा एवं खेल जगत

समाजसेवा और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राजेंद्र प्रसाद प्रगतिशील किसान, सुधीर एथलेटिक्स, देवेन्द्र सिंह एथलेटिक्स, सचिन वर्मा गोल्ड मेडलिस्ट पावर लिफ्टिंग, सुनील कुमार ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण और विवेक डांगी शिक्षा विभाग सहयोग को सम्मानित किया जाएगा।

### अधिकारी एवं कर्मचारी

प्रशासनिक और राजकीय कार्यों में विशिष्ट सेवा देने पर सन्नी भामू नायब तहसीलदार, कैलाश सिंह कविया अति. प्रशासनिक अधिकारी, मीना कुमारी सहायक लेखाधिकारी, आदित्य चौधरी ग्राम विकास अधिकारी, प्रवीण कुमार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एसबीएस।

### शिक्षा विभाग

महिपाल सिंह धायल, विजय सिंह शेखावत, जयवीर सिंह।

### अन्य विभाग

मनोज कुमार व विजेन्द्र कुमार कृषि पर्यवेक्षक, भगवती देवी भू-अभिलेख निरीक्षक, विकास कुमार भगेरिया पशुधन निरीक्षक, पिंकी मीणा वरिष्ठ सहायक, तुषार कनिष्ठ सहायक, रवि कुमार पटवारी, सुभाष राजस्थान इंजीनियर, अनिल चांवरिया, अंग्रेज सिंह और सुमेर सिंह मीणा नगर पालिका कर्मचारी।

### प्रतिभावान छात्र एवं खिलाड़ी

शिक्षा, कला और खेल में चिड़ावा का मान बढ़ाने वाले विद्यार्थियों विराट मिश्रा कराटे/ताइक्वांडो, ईशा शर्मा आशु भाषण, प्रिया कंवर, भविष्य शर्मा कराटे, ज्योति यादव व समीर कुश्ती, भव्य वाद-विवाद, गुंजन निबंध, भावना नायक विज्ञान, विधि कुमावत कला, प्रिंस सैनी विज्ञान, सोनिया सिंह, मनीषा मीणा चित्रकार, दिव्या हॉकी, सहदेव शेखावत एनसीसी। फुटबॉल और हॉकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र दक्ष, आयुष, दक्ष चौधरी, निहार राव, तन्मय, रिशु कोकचा, नेहा, डिंपल, मानवी नेहरा, अनवी, सचिन कुमार राइफुल शूटिंग और लोहिया स्कूल की तनवी एयर पिस्टल को सम्मानित किया जाएगा।

### विशेष श्रेणी

मतदान जागरूकता अभियान में अपनी कला के माध्यम से योगदान देने वाले हास्य कलाकार अनिल कुमार निजामपुरिया को भी इस वर्ष सम्मानित किया जाएगा। उपखंड अधिकारी डॉ. नरेश सोनी ने बताया कि यह चयन पूरी पारदर्शिता के साथ प्राप्त आवेदनों के आधार पर किया गया है ताकि समाज में बेहतर कार्य करने वालों का उत्साहवर्ध्दन हो सके।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ मंडी लक्ष्मणगढ़ रोड स्थित श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। आयोजन समिति के सुरेश शर्मा ने बताया कि कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सिद्धेश्वर महादेव मंदिर आश्रम के संत योगी सुंदर नाथ महाराज का सानिध्य रहा। महिलाओं की ओर से मंडी स्थित श्रीराम एवं शिव मंदिर से विशाल कलश यात्रा शुरू हुई जो कि मंडी के रास्ते होते हुए बालाजी मंदिर पहुँची। कलश यात्रा का जगह-जगह कस्बेवासियों की ओर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। निहाल सिंह डोटासरा सपत्निक बतौर यजमान भागवत धारण कर पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। व्यास पीठ से कथा व्यास मदन लाल शर्मा कथा के प्रथम दिवस भागवत कथा का महात्म्य, ज्ञान वैराग्य, भक्ति चरित्र, शुकदेव का प्राकट्य की कथा का वर्णन करते हुए प्रसंग में बताया कि भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते है एवं ज्ञान की प्राप्ति हो जाती है। इसलिए हमें भागवत कथा का श्रवण नियमित रूप से करना चाहिए। इस अवसर पर पबाणा सरपंच विजेंद्र डोटासरा, रामनाथ बांगड़वा, महेंद्र दादरवाल, भंवर सिंह पटवारी, राजेंद्र पोरवाल, मुकेश डोटासरा, कमलेश डोटासरा, बजरंग लाल जांगिड़, महेश डोटासरा, गोविन्द जांगिड़, मनोज पोरवाल, दिनेश जांगिड़, मुरारी लाल शर्मा, राजेंद्र कुमावत, हरलाल बांगड़वा, पुरणमल खीचड़, मुरारी लाल सिंघानिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

# चोरों ने मकान में घुसकर सामान पर किया हाथ साफ

निसं




**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के वन विभाग कार्यालय के पास चोरों ने देर रात को मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस दौरान चोर मकान में घुसकर चांदी के सिक्के व अन्य सामान पार कर ले गए। कस्बे के ताराचन्द व रामचन्द्र कुमावत के घर में चोरों ने किमती सामान पर हाथ साफ किए। ताराचन्द ने बताया कि उनके पड़ोसी रामचन्द्र के घर में कोई नहीं था। जिस पर चोरों ने मकान को सूना देखकर घर के सारे ताले तोड़ दिए व पूरे घर का सामान बिखेर दिया। घर में रखे किमती सामान को ढुंढने के लिए सभी जगह तलाश की व घर में रखे चांदी के चार सिक्के चुरा कर ले गए।

इससे पहले 19 जनवरी की रात को ताराचन्द के घर भी चोरों ने चोरी की थी जिसकी रिपोर्ट देने के बाद भी पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि शहर में 11 जनवरी को भी दिनदहाड़े लगभग आठ लाख की चोरी हुई बताई। खेतड़ी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों की वारदात से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

वारदात के आरोपियों को पुलिस पकड़ने में नाकाम हो रही है, जिसके चलते लोगों में आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों ने बताया की यदि पुलिस ने जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो ग्रामीणों की ओर से बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। पुलिस आरोपियों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है वहीं संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# पूर्व विधायक गुर्जर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के मेहाड़ा स्थित गोगाजी मंदिर परिसर में रविवार को मालाराम विकास समिति की ओर से पूर्व विधायक मालाराम गुर्जर को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला, विशिष्ट अतिथि विधायक सुरेश मोदी, पिलानी विधायक पितराम काला थे जबकि अध्यक्षता पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने पूर्व विधायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर ने कहा कि मालाराम गुर्जर खेतड़ी के अजय विधायक रहे। उन्होंने खेतड़ी से लगातार तीन बार चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि अपने परिवार में होने वाले कार्यक्रम में फालतू खर्च न करके सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, जिससे समाज में बदलाव आएगा। मालाराम गुर्जर ने खेतड़ी में रोडवेज डिपो की स्थापना कर खेतड़ी के विकास को नए आयाम दिए थे। मालाराम गुर्जर पहली बार खेतड़ी से 1977 में विधायक चुने गए थे। उस समय खेतड़ी विकास में काफी पिछड़ा हुआ था, जिन्होंने गांव गांव में शिक्षा की अलग जगह कर लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं क्षेत्र की जनता की भावनाओं को देखते हुए बेहतर कार्य करते हुए क्षेत्र के विकास को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया। खेतड़ी को विकास के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया। मालाराम विकास समिति की ओर से सामाजिक क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, गौ संरक्षण सहित विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में हरियाणवी लोक गायक जयवीर सिंह भाटी की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर प्रधान मनीषा गुर्जर, शंकर लाल बीलवा, दूलीचंद रोजड़ा, रमेश पांडे, कुलदीप कुमार, चुनीलाल चनेजा, शीशराम गुर्जर, बंशीलाल, ताराचंद, गिरधारी लाल, विजेश, हीरालाल, रामेश्वर लाल, कैलाश चंद, भागीरथ कसाणा, कृष्ण गुर्जर बाडलवास, संजय गुर्जर, सुनील गुर्जर, सुरेंद्र दायमा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# वीर चक्र विजेता का मनाया शहादत दिवस

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के राजोता पंचायत की लगरिया वाली ढाणी में रविवार को वीर चक्र विजेता कैप्टन हनुमान प्रसाद का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन केसर देव थे जबकि अध्यक्षता रामस्वरूप मुकदम ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीद हनुमान प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं हवन पूजन व दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैप्टन केसर देव ने कहा कि देश की सेवा करने को लेकर अपने प्राणों का त्याग करने वाला हमेशा अमर रहता है। हनुमान प्रसाद ने भी देश सेवा व अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर गांव का नाम रोशन किया है। इस देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धा हमारे लिए पूजनीय होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को मांगलिक कार्य में उन्हें याद कर उचित धारणा के लिए प्रेरित करना चाहिए। झुंझुनू जिले के शौर्य की मिट्टी में जोश और साहस का प्रतीक माना जाता है। देश के लिए सबसे अधिक सैनिक देने का गौरव झुंझुनू के जिले के नाम से जाना जाता है। यहां के युवाओं को बचपन से ही सेना में जाने के लिए तैयार किया जाता है जो सरहद पर किसी प्रकार की हलचल होने पर बहादुरी का परिचय देते हैं। झुंझुनू जिले में सड़क किनारे लगी शहीदों की प्रतिमा युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। यहां के युवा सड़क किनारे नियमित रूप से अभ्यास कर सेना में जाने की तैयारी भी करते देखे जा सकते हैं। कैप्टन हनुमान प्रसाद भारतीय सेना की 4 राजपूत रेजीमेंट में कार्यरत थे।

इस दौरान एक ऑपरेशन में बहादुरी का परिचय देते हुए दुश्मनों का सामना करते रहे थे तो गोली लगने से घायल हो गए थे। उनकी बहादुरी पर सरकार की ओर से वीर चक्र से नवाजा गया था। इस मौके पर महेंद्र सिंह, विनोद यादव, सुंदर लाल, शुभकरण, रामकिशन, भीम सिंह, चंदगीराम, गोकलराम, चुनीलाल गुर्जर, रामचंद्र लादी, सरदाराराम, हजारीलाल, कर्ण सिंह, कन्हैयालाल, सुनील, संजय, राजेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# स्वच्छता अभियान के तहत किया श्रमदान



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** नेक सोच फाउंडेशन तारानगर द्वारा रविवार को स्वच्छता अभियान के तहत शहीदे आजम भगतसिंह चौक पर साफ सफाई की और प्रतिमा को पुष्पमाला पहनाकर उनके विचारों को याद किया। फाउंडेशन के हनुमान सामोता ने बताया की सार्वजनिक चौक हम सबकी धरोहर है इनकी सार संभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अभियान का उद्देश्य प्रतिमाओं की सफाई, कूड़ा निस्तारण, क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। आगे भी समय समय पर विभिन्न चौक पर ऐसे अभियान चलाए जाएंगे। इस अवसर पर राजाराम गोदारा, सतीश बुंदेला, कृष्ण कालेर अमित मुंडवाल, विकास मूंडवाल, अनुज सहारण, हर्ष स्वामी, विकास सीलू, सोनू, सुनील, राहुल सर्वा, रोहन, अमित बुंदेला आदि ने सहयोग किया।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** कस्बे के स्वामी रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द स्मृति मंदिर रविवार को नि:शुल्क आंखों का शिविर लगाया गया। मिशन के सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। शिविर में जयपुर के सहाय नेत्र रिसर्च सेंटर के विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा 89 रोगियों की जांच की जाकर 56 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जयपुर रवाना किया गया। मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि रामकृष्ण मिशन द्वारा सामाजिक सरोकार की पहल करते हुए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाता है, जो गरीब व असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सामाजिक सरोकार में रामकृष्ण मिशन अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। जिसमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को मानते हुए महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, वही बच्चों को कंप्यूटर के क्षेत्र में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा रामकृष्ण मिशन द्वारा गरीबों में समय-समय पर वस्त्र व अन्य घरेलू सामग्री वितरित कर स्वामी विवेकानंद के कार्यों को चरितार्थ कर रहा है। रामकृष्ण मिशन में आने वाले हर व्यक्ति की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि रामकृष्ण मिशन के सदस्य स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग पर चलकर गरीब व असहाय लोगों की मदद करने में अग्रिम पंक्ति में खड़े हुए है। रामकृष्ण मिशन की ओर से कार्यक्रम के दौरान 56 लोगों को कंबल वितरण भी किया गया। इस मौके पर स्वामी योगयुक्तानंद महाराज, कालीचरण गुप्ता, कृष्ण कुमार, सुरेश सैनी, गोपी राम, महेश कुमार, प्रवीण कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोग्रामर ललित कुमार सम्मानित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग में पदस्थापित प्रोग्रामर ललित कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल शर्मा द्वारा ललित कुमार को विशेष प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें एसआईआर अभियान तथा निर्वाचन से संबंधित विभिन्न तकनीकी कार्यों में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

# तनसिंह की जयंती मनाई

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** क्षत्रिय विकास संस्थान तारानगर की बैठक रविवार को संस्थान भवन में जयमाल सोनगरा की। अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम पूज्यनीय तनसिंह की जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया गया इसके बाद बैठक में क्षत्रिय विकास संस्थान के समसामयिक विषय व विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही केंद्र सरकार की ओर से सवर्ण समाज पर लिए गए यूजीसी बिल की समीक्षा कर इसे समाज के हित मे न मानते हुए इसका विरोध करने व तारानगर संस्थापक महाराजा तारासिंह की जयंती व पुण्यतिथि पर हर वर्ष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट गजराजसिंह राजवी, मोहरसिंह राठौड़, कैप्टन करणीसिंह राठौड़, वीरबहादुर सिंह राठौड़, प्रहलादसिंह राजवी, एडवोकेट राजेंद्रसिंह न्यांगली, जीवनसिंह राठौड़, संदीप सिंह, सूरज सिंह, वीरेंद्र सिंह, उत्तम सिंह, रणजीत सिंह तंवर आदि समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

# विश्वकर्मा रिको बस्ती का विराट हिंदू सम्मलेन 8 को



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विश्वकर्मा रीको बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी के लिए आयोजन समिति की बैठक सफेद मंदिर में की गई। आयोजन समिति के संरक्षक विधाधर शर्मा ने बताया कि विराट हिंदू सम्मलेन में होने वाले समरसता यज्ञ, विशाल कलश यात्रा, हिंदू गौरव सम्मान और विशाल भंडारे की तैयारी की चर्चा की गई एवं अलग समितियों की जिम्मेदारी सौंपी गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि विराट हिंदू सम्मेलन में हिंदू हृदय सम्राट भजन गायकार प्रकाश माली का सानिध्य भी हम सबको मिलेगा। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष सहीराम झाझड़िया ने बताया कि विशाल कलश यात्रा के बाद समरसता यज्ञ किया जाएगा। यज्ञ के बाद सभी हिंदुओं के लिया विशाल भंडारे की व्यवस्था रहेगी। आयोजन समिति की उपाध्यक्ष सुमन चौधरी ने बताया कि कलश यात्रा की शुरुवात रीको के सफेद मंदिर से होते हुए विभिन्न मार्गो से लाल मंदिर होते हुए अंत में भगत सिंह पार्क में समरसता यज्ञ के साथ समापन होगी।

आयोजन समिति की बैठक में संदीप नैन, सुरेंद्र चौधरी, छोटेलाल स्वामी, कुलदीप कुल्हरी, कुम्भाराम राव, चंद्रकांत शर्मा, नरेश केजरीवाल, अभिषेक, सुरेंद्र बंका, कैलाश जांगिड़, मूलसिंह सहित सैकड़ों की संख्या में हिंदू उपस्थित रहे।

# सर्व ब्राह्मण महासभा के नव मनोनीत प्रदेशाध्यक्ष शर्मा का किया अभिन्नदन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** विप्र फाउंडेशन इकाई तारानगर की ओर से रविवार को आशापुर हनुमान मंदिर प्रांगण में राकेश शर्मा सरपंच हड़ियाल को सर्व ब्राह्मण महासभा का प्रदेशाध्यक्ष व आईदान दाधीच को दाधीच महासभा प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त करने पर अभिनंदन किया गया। फाउंडेशन सदस्यों ने दोनों प्रतिभाओं का माल्यार्पण, साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, पवन कुमार शर्मा, भगवती प्रसाद शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, राकेश लाटा, विजेंद्र शर्मा, विकास डूमोली, परमानंद महर्षि, श्रीराम शर्मा, मालचंद शर्मा, अनिल शर्मा, राकेश मिश्रा, मोहित एडवोकेट, अनूप खंडेलवाल, श्याम सुंदर आचार्य, विजय मिश्रा, चयानणमल सांखोलिया, किशन शर्मा, बजरंग जोशी, तुलसीराम जोशी, अनिल शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद दाधीच को विप्र फाउंडेशन के तहसील मंत्री बनाने की घोषणा की गई तथा उपस्थित लोगों ने मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

# सीनियर लाइब्रेरियन तिवारी को बेस्ट टीचर अवार्ड



निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित बिरला एजुकेशन ट्रस्ट फाउंडर डे समारोह में विद्या निकेतन बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी के सीनियर सेक्शन के सीनियर लाइब्रेरियन प्रदीप कुमार तिवारी को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान एवं सराहनीय कार्यों के लिए स्कूल बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के डायरेक्टर एस एस नायर जो कि अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बिरला एजुकेशन ट्रस्ट से संबंद्ध सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्या निकेतन बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी की प्रिंसिपल काजल मारवाहा ने प्रदीप कुमार तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके समर्पण, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में दिए गए योगदान को उल्लेखनीय बताया। उन्होंने तिवारी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने का आशीर्वाद प्रदान किया। विद्यालय परिवार एवं सहयोगियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए तिवारी को बधाई दी और इसे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता : डॉ. अरूण गर्ग

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय गणपति नगर, झुन्झुनू में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अरूण गर्ग जिला कलक्टर झुंझुनू थे वहीं अध्यक्षता अशोक शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी झुन्झुनूं ने की। कार्यक्रम का श्रीगणेश दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में श्रीगणेश वंदना के बाद डॉ. अरूण गर्ग ने विद्यार्थियों से अपने उद्बोधन में गुणवत्तापरक शिक्षा, सही मार्ग-दर्शन अपनाने की बात कही उन्होनें समारोह में एक कहानी के प्रसंग से विद्यार्थियों को अपना उद्देश्य निर्धारण कर बताया कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। उन्होनें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने उद्देश्यपरक शिक्षा, सुसंस्कार व चुनौतियों का सामना करने की बात पर बल दिया। संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अतिथि परिचय करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में समाज और संस्कृति को गुरू-शिक्षक, अभिभावक के त्रिवेणी संगम का महत्व समझाया। सांस्कृति कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी। विद्यार्थियों ने मनोरंजन से युक्त खेल गतिविधियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में राजस्थान की संस्कृति व गौरव गरिमा को दर्शाने वाले मरू.रंग गीत व नृत्यों प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर विद्यालय में उच्च कक्षा में अध्ययनरत सहपाठियों को जूनियर छात्र-छात्राओं ने बधाई-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिताओं के जमाने में कठोर मेहनत, परिश्रम करने की नसीहत दी। कार्यक्रम में दयानन्द ढूकिया, इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया, रणजीत ढूकिया, डॉ. संदीप ढूकिया, इंजी. पीयूष ढूकिया, मधुर ढूकिया, निधि सिहाग, अशोक जांगिड़ मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथिगण का साफा पहनाकर, दुपट्टा ओढाकर प्रतीक चिह्न प्रदान कर स्वागत एवं सम्मान किया।

विदाई समारोह में विदाई लेने वाले विद्यार्थियों को तिलाकर्चन कर उपहार भेंट कर आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन व्याख्यता सुधीर शर्मा व मंगलाराम जांगिड़ के साथ छात्रा चंदा, काजल, निशा व कोमल ने किया।

# वंदे मातरम् भारत की आत्मा, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है : खर्रा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्वंदे मातरम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ रविवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय स्थित सूचना केंद्र, सीकर में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। इसकी 150वीं वर्षगांठ का आयोजन नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास, त्याग और बलिदान की भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रदर्शित सामग्री की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जनमानस में राष्ट्रीय चेतना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। प्रदर्शनी में वंदे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रचना से जुड़े तथ्य, स्वतंत्रता आंदोलन में इसके महत्व, राष्ट्रभक्ति से जुड़े चित्रों, सूचनात्मक पैनलों एवं दुर्लभ अभिलेखों के माध्यम से आमजन को जानकारी प्रदान की गई है। प्रदर्शनी आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सीकर रतन लाल जलधारी, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल यादव, सहायक निदेशक जनसंपर्क पूरणमल, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी राकेश कुमार ढ़ाका, सहायक उप वन संरक्षक सौरभ कुमार, सुरेश अग्रवाल, भाजपा उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, तेजप्रकाश सैनी, विनोद नायक राजेश रोलन, रामनिवास गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसके माध्यम से दी जा रही ऐतिहासिक एवं राष्ट्रप्रेरक जानकारी की सराहना की। प्रदर्शनी के आयोजन के माध्यम से जिले में राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करने का संदेश दिया गया है। इस दौरान यूडीएच मंत्री ने सेल्फी स्टैंड पर फोटो खिंचवाकर भी कार्यक्रम की आकर्षक शुरुआत की। इस पहल से कार्यक्रम में मौजूद लोगों में उत्साह देखने को मिला।



## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से टेनिस बॉल क्रिकेट की अब तक की सबसे बड़ी प्रतियोगिता का शुभारंभ एक फरवरी से होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में 256 टीमों के करीब 3 हजार 800 खिलाड़ी भाग लेंगे और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एक माह तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कुल 255 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। आमेर विधानसभा क्षेत्र के चौंप एवं बगवाड़ा स्थित खेल मैदानों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर रविवार को टी-शर्ट लॉन्चिंग कार्यक्रम आयोजित किया गयाए साथ ही सभी टीमों के ड्रा भी निकाले गए। आयोजक राकेश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पंचायत स्तर पर छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देना और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता राजस्थान में टेनिस बॉल क्रिकेट के इतिहास की सबसे बड़ी प्रतियोगिता मानी जा रही है। सह-आयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला 1 फरवरी को चौंप खेल मैदान में जाटावाली और भानपुर की टीमों के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख 51 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 1 लाख 21 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी अलग-अलग पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। दर्शकों के लिए भी रोमांचक प्रोत्साहन रखा गया है, जिसमें एक हाथ से शानदार कैच पकड़ने पर नकद इनाम दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आमेर प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल भावना के साथ खेलने और अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया। सह-आयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि आयोजन में दौलतपुरा थानाधिकारी सुनील कुमार, सरपंच कालूराम शर्मा, पंचायत समिति सदस्य कैलाश इंदौरा, नानू पायलट, नाथू दूधवाला, भाजपा नेता सोहन, वार्ड पंच मदन बागड़ा, सीताराम शर्मा, रामेश्वर सैनी, सोहन महाराज सहित अनेक जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सर्दी से 20 बछड़ों की मौत, 11 का किया उपचार



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के मांदरी पंचायत के गांव ककराय जोहड़ में सर्दी के चलते 20 बछड़े मृत अवस्था में मिले। बछड़ों की मौत होने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही गौ रक्षा दल के कार्यकर्ता और दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर उपअधीक्षक जुल्फिकार अली तथा थानाधिकारी खेतड़ी मोहनलाल पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ शिव कुमार सैनी पशु चिकित्सकों की टीम के साथ पहुंचे। टीम द्वारा करीब 11 बीमार बछड़ों का उपचार किया गया। प्रारंभिक जांच में छोटे बछड़ों की खुले में बैठने के कारण सर्दी से मौत होना बताया गया। प्रशासन ने ग्राम पंचायत के सहयोग से जेसीबी की सहायता से मृत बछड़ों को जमीन में दफनाया। डॉ शिवकुमार सैनी ने बताया कि जोहड़ में मौजूद अधिकांश बछड़े कमजोर व छोटे हैं। यह बछड़े खुलें में रहने व सर्दी के पुख्ता इंतजाम नहीं होने के कारण उनकी मौत हो गई। जोहड़ में करीब 450 गाय मौजूद है। इस दौरान कामधेनु सेना के कार्यकताओं की ओर से मृत बछड़ों को खुले में नहीं डालने की मांग की। जिस पर प्रशासन ने सभी मृत बछड़ों को जेसीबी की मदद से गड्ढे खोदकर दफनाया गया। इसके अलावा बीमार बछड़ों का उपचार किया जा रहा है। इस दौरान शेर सिंह कृष्णिया, डॉ अशोक जांगिड़, राजीव रोहिल्ला, बजरंग लाल, रमेश कुमार, प्रवीण योगी, छोटू प्रधान, रमेश कुमार, कन्हैयालाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जैन सोसायटी ट्रस्ट की बैठक आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** जैन सोसाइटी ट्रस्ट नोखा की आम सभा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र बांठिया की अध्यक्षता में गुरुकुल स्कूल में रखी गयी । बैठक में पिछली कार्यवाही व गत वर्ष का हिसाब किताब सदन के पटल पर रखा गया जिसको सर्व सम्मति से पारित किया गया । वर्ष 2026 व 28 दो वर्ष के लिए चुनाव मोतीलाल जी डागा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष राजेंद्र बांठिया ने नए अध्यक्ष हेतु सिकरचंद पींचा का नाम प्रस्तावित किया। जिसे सबने सर्वसम्मति से पारित किया। सिकरचंद पींचा ने अपनी कार्यकारिणी में महांमत्री डॉ महेन्द्र संचेती, उपाध्यक्ष मदन लुनिया व राजेन्द्र डागा कोषध्यक्ष भंवर लाल पींचा, सह सचिव अशोक बैद, बाबूलाल कांकरिया अशोक लुणावत, संदीप बोथरा, मनोज लुनावत को बनाया गया। सिकरचंद पींचा ने अपने आगामी दो वर्ष के कार्यक्रम की रूपरेखा रखी जिसमे होली स्न्हे मिलन, महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव तप अभिनंदन प्रतिभा सम्मान सामूहिक क्षमा याचना, भगवान महावीर शिक्षा सहयोग योजना व जैन भोजनशाला आदि कार्यक्रम शामिल किये। ट्रस्ट के संस्थापक व महामंत्री डॉ. महेन्द्र संचेती ने बताया कि नोखा के जैन परिवार की डाइरेक्टरी बनाई जाएगी व संस्था के लिए भूमि आवंटन का प्रस्ताव नगरपालिका को जो पहले भेजा गया है उसको पालिका के एजेंडे में शामिल करने का निवेदन किया जाएगा। बैठक में मोतीलाल डागा, मोहनलाल बुच्चा, मोहनलाल पारख, बछराज पारख कमल संचेती, भंवर बुच्चा आसकरण सेठिया, मोहनलाल चोपड़ा ताराचंद डागा मनोज चोरडिया विजयराज पारख बछराज बरडिया अशोक बैद मनोज डागा धर्मेश बैद पीयूष रांका संदीप चोरडिया भरत बुच्चा नीलेश बुच्चा पुलकित लालवानी आदि उपस्थित थे।

## वंदे मातरम के उद्घोष से गूंजा जयपुर

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान की ओर से राष्ट्रभक्ति भाव जागरण के उद्देश्य से ष्वंदे मातरम भारत की एक आवाज-150 वर्ष राष्ट्रीय आंदोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। प्रदेश सचिव सोमकांत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जबकि समापन पर वंदे मातरम राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रशांत कुमार रहे। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, विशिष्ट अतिथि जयपुर सांसद मंजू शर्मा तथा संत सानिध्य परमानंद जी महाराज का रहा। इस अवसर पर आरएसएस के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित गोयल, हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुभाष बापना, संयुक्त अध्यक्ष दिनेश पितलिया तथा महानगर संयोजक अरविंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रशांत कुमार ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि हमें हिंदू के रूप में जन्म मिला और उससे भी बड़ा सौभाग्य यह है कि हम ऐसे विचार से जुड़े हैं जो हमें अपने हिंदू होने पर गर्व करना सिखाता है। उन्होंने भारत के पाँच हजार वर्षों के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि महाभारत युद्ध के माध्यम से धर्म की स्पष्ट परिभाषा स्थापित हुई। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों लाला लाजपत राय, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह और राजगुरु के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र मंत्र और संकल्प है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि वंदे मातरम केवल शब्द नहीं, बल्कि शौर्य, साधना और संकल्प है। यह वही गर्जना है जिसने गुलामी की जंजीरों को हिलाया और क्रांतिकारियों को हँसते-हँसते फांसी पर चढ़ने की शक्ति दी। जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम वह महामंत्र है जिसने अंग्रेजों को देश छोड़ने पर मजबूर किया। आज भी जब वंदे मातरम का उद्घोष होता है, तो वही राष्ट्रभक्ति की ऊर्जा पुनः जीवित हो उठती है।

## मिस डेजर्ट राजस्थान : ऑडिशन में दिखा स्टाइल और टैलेंट का जलवा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मिस डेजर्ट राजस्थान का पहला जयपुर ऑडिशन भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस ऑडिशन में पूरे राजस्थान से आई साठ मॉडल्स ने भाग लिया और अपनी कला-आत्मविश्वास व टैलेंट का शानदार प्रदर्शन किया। शो के आयोजक नरेंद्र कुमार गंगवाल एवं अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस ऑडिशन में जयपुर के साथ-साथ भरतपुर, अलवर, अजमेर फुलेरा, सीकर, झुंझुनू सहित राजस्थान के कई शहरों की प्रतिभाशाली लड़कियों ने हिस्सा लिया। आयोजकों के अनुसार आगे उदयपुर और जोधपुर में भी इस तरह के ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद फरवरी में सेमीफाइनल और मार्च में जयपुर में ग्रैंड फिनाले आयोजित किया जाएगा। आयोजक नरेंद्र कुमार गंगवाल ने बताया कि ऑडिशन में जूरी मेंबर्स के रूप में रजनीश जैन, रजनीश सिंह, अमित कुमार खंडेलवाल एवं पवन गोयल ने निर्णायक की भूमिका निभाई और मॉडल्स को सही दिशा दिखाने में अहम योगदान दिया। वहीं शो मेंटोर कोनिका आर्य ने प्रतिभागियों को कैटवॉक और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के महत्वपूर्ण गुर सिखाए। इसके अलावा इस कार्यक्रम के संयोजक दीपक अग्रवाल एवं पलक बंसल रहे। जिन्होंने पूरे आयोजन को आकर्षक और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और ग्लैमर का माहौल बना रहा। अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता की विजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा प्रतिभागियों को एल्बम सॉन्ग में लीड रोल और आने वाली शॉर्ट फिल्मों में काम करने का मौका भी मिलेगा। इस शो के माध्यम से राजस्थान की खूबसूरती, कला, वेशभूषा और संस्कृति को भी दर्शाया जाएगा। जिसकी झलक मंच पर साफनजर आएगी।

## एयू जयपुर मैराथन 2026 प्रोमो रन में दौड़ी सेहत की लहर

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी जयपुर के सबसे बड़े खेल आयोजन एयू जयपुर मैराथन के पूर्व आयोजनों के तहत रविवार को सिटी पार्क मानसरोवर में आयोजित प्रोमो रन ने शहरवासियों को स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली का स्पष्ट संदेश दिया। संस्कृति युवा संस्था और वर्ल्ड ट्रेड पार्क द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और राजस्थान टूरिज्म के सहयोग से आयोजित होने वाले मैराथन में सुबह की ताज़गी और खुले वातावरण के बीच सैकड़ों प्रतिभागियों ने दौड़ लगाकर फिट इंडिया मूवमेंट को मजबूती दी। इस प्रोमो रन का फ्लैग ऑफसंस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में एयू जयपुर मैराथन के सीईओ एवं आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा, जयपुर रनर्स क्लब के को-फाउंडर रवि गोयनका, प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया, एक्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट दीपक शर्मा, रन कॉर्डिनेटर सचिन भाटिया और ऋषभ दुग्गड़ सहित कई खेल और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रतिभागियों के लिए 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर की दो श्रेणियों में रन आयोजित की गई। ठंडे मौसम के बावजूद रनर्स में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और पूरा सिटी पार्क खेल भावना से सराबोर नजर आया। रन से पहले फिट योग के डायरेक्टर अरविंद सिंह के साथ एनर्जेटिक वार्म-अप और जुम्बा सेशन ने सभी को दौड़ के लिए तैयार किया, जबकि रन के बाद आयोजित आफ्टर रन सेलिब्रेशन और हेल्दी ब्रेकफास्ट ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए पं सुरेश मिश्रा ने कहा कि आज युवाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के लोग फिटनेस को अपनी प्राथमिकता बना रहे हैं। यह प्रोमो रन दिखाता है कि जयपुर अब सेहत के प्रति जागरूक शहर बन रहा है। एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने कहा कि आज के प्रोमो रन में मिला उत्साह इस बात का संकेत है कि लोग एयू जयपुर मैराथन 2026 को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह प्रोमो रन केवल प्रचार नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है। जो स्वस्थ समाज की दिशा में कदम है। गौरतलब है कि एयू जयपुर मैराथन का 17 वां संस्करण 1 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा।

## सात दिवसीय भागवत कथा आज से

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** सीकर रोड स्थित प्रेम नगर आवासीय कॉलोनी के प्रेम नगर बालाजी मंदिर पर आज से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। डॉ जगदीश प्रसाद कड़वासरा ने बताया कि वृंदावन से गोपाल दीक्षित महाराज कथा वाचक द्वारा सात दिन तक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण भक्तजनों को करवाया जाएगा। 26 जनवरी को सुबह सवा 115 बजे महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी।

तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से भागवत कथा प्रारंभ होगी। भागवत कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 तक का रहेगा उसके बाद हवन आदि का आयोजन होगा। यह भागवत कथा सभी बालाजी मंदिर के जुड़े भक्तजनों द्वारा सामूहिक रूप से करवाई जा रही है। सभी से विशेष आग्रह रहेगा की कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा से ज्ञान और धर्म की बात का स्वर्ण करने के लिए दोपहर एक बजे से शाम 40 बजे तक अवश्य पधारें।

## श्याम अखण्ड ज्योति पाठ व बाबा श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री श्याम सेवा समिती तारानगर के सौजन्य से चौधरी धर्मशाला में हर वर्ष की भांति रविवार को संगीतमय श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के महेन्द्र सरावगी ने बताया की कार्यक्रम में बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया गया। वृन्दावन के कलाकारों ने नृत्य नाटिका से वातावरण भक्तिमय बना दिया। पाठ वाचक रोहन सरावगी, मुकेश सगतानी, महेंद्र शर्मा ने संगीतमय पाठ का वाचन किया। साथ ही बाबा श्याम के भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां देकर बाबा श्याम को रिझाया। श्याम बाबा के संगीतमय पाठ व भजनों पर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। रात्रि को सामूहिक महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति के संजय चाचान, श्रीकृष्णा सरावगी, शिवकुमार सरावगी, किशन चौधरी, वासुदेव कंन्दोई, पवन सगतानी, अशोक चंगोईवाला, राजू धीरवासिया, ओम सरावगी, अंजनी चाचाण, महेश दायमा, जोनी कंन्दोई, संदीप अग्रवाल, चिक्कू पंसारी, सुरेंद्र चाचाण, मोहित पंसारी, सुशील सरावगी, सुनील दर्जी, अमित मित्तल, निकीता, तानीया, भावना आदि अनेक लोग मौजूद थे।

## देश में हिन्दू एकता एवं संगठन की परम आवश्यक : क्षमाराम



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन रविवार को लाहोटी चौक स्थित वीर हनुमान मन्दिर लाहोटी चौक पर हुवा। विशाल संख्या में उपस्थित जन समुदाय को सन्बोदित करते हुए सींथल पीठाधीश्वर महंत क्षमाराम महाराज ने कहा कि आज की परिस्थिति में देश में हिन्दू एकता एवं संगठन की परम आवश्यक है। क्षमाराम ने कहा प्रत्येक हिन्दू हमारा है यह भाव होना आवश्यक है कोई पतित नही होता। जनसंख्या पर चर्चा करते हुए कहा प्रत्येक हिन्दु परिवार को जनसंख्य मर्यादित अनुपालन में वृद्धि पर भी चिंतन करना होगा। सम्मेलन के मुख्य वक्ता लालसिंह राजपुरोहित ने कहा कि आज जिस स्तर पर पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। इसकी पूर्ति के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ पौधा लगाना चाहिए एवं पर्यावरण का सरंक्षण करना चाहिए। प्रतेक व्यक्ति को नागरिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इससे पूर्व पंडित आसाराम पालीवान एवं शिवकरण डेलू ने महंत जी को शॉल ओड़ाकर स्वागत किया एवं गणेश प्रसाद तिवाड़ी ने प्रो. लालसिंह राजपुरोहित का सम्मान किया । इस विराट हिन्दू सम्मेलन की व्यवस्था में कमल डागा, ललित पालीवाल, रमेश तापड़िया, जयप्रकाश खत्री, दीपक पालीवाल, जयचंद बोथरा, किशन लोहिया, आदि ने कार्यक्रम की व्यवस्था को सम्पन्न किया । कार्यक्रम के अंत मे आसकरण भट्टड़ ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन बजरंग पालीवाल ने किया।

## माय भारत माय वोट थीम पर पदयात्रा निकाली

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत सरकार की युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को माय भारत माई वोट थीम के तहत पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि यह पदयात्रा देश भर के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानी तथा जिला मुख्यालय में एक साथ आयोजित की गई। इसी के तहत झुंझुनू जिले में पदयात्रा का आयोजन कलेक्ट्रेट सर्किल से स्वर्ण जयंती स्टेडियम तक किया गया। पदयात्रा को जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना तथा पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को जिला कलेक्टर ने माला पहनाकर व माय भारत टी-शर्ट कैप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से चलाए जा रहे संडे ऑन साइकिल के तहत भी युवाओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। यह राष्ट्रव्यापी पहल नैतिक और सहभागी चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मतदाता जागरूकता को शारीरिक फिटनेस से सामुदायिक सहभागिता से जोड़ते हुए इस पहल के माध्यम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस को युवाओं के नेतृत्व वाला एक जन आंदोलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पदयात्रा में राष्ट्रीय युवा पुरुस्कार विजेता विजय हिंद ने सभी मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से अनिल भाकर, खिलाड़ी सुरेश कुमार, हिंदुस्तान स्काउट गाइड से प्रदीप कुमार, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नरेन्द्र भाटी, युवा मण्डल से नवीन कालेर, जय महला, अंकित, विकास जांगिड़ व अन्य युवाओं ने भाग लिया।

## भैरूजी महाराज के उमड़ा आस्था का जन सैलाब

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** लोक देवता भैरुजी महाराज के रविवार को जन सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों भक्तों ने घंटो लाइनों में खड़े होकर अपने आराध्य के दर्शन कर खुशहाली की मन्नते मांगी। देर रात तक भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा। माघ माह में शुक्ल पक्ष पर रविवार को श्रद्धालुओ की रौनक रही। हजारों लोग शनिवार शाम से ही भैरूजी महाराज के दर्शनो को उमड़ पड़े। हजारों भक्तों ने पवित्र जोहड़ी में स्नान कर पुण्य कमाया। भक्तों ने भैरुजी महाराज के गुलगुले, पुरी, लापसी लड्डू आदि का भोग लगाकर खुशहाली की मन्नतें मांगी। इस दौरान भक्तो ने गठजोड़े की जात दी तथा बच्चों का मुण्डन संस्कार करवाया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुवालाल गुर्जर, हरिराम, श्रवण गिरधारी आदि ने माघ माह की महत्ता बता कर भैरूजी महाराज के दर्शन व कुण्ड में स्नान की महिमा बताई। इस दौरान श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन, छाया, पानी, बिजली आदि की पुख्ता व्यवस्था की गई।

# कार्यालय पंचायत समिति, सूरजगढ़ (झुंझुनूं)

क्रमांक :- Spl 01 दिनांक :- 19.01.2026

## -: अपील :-

- विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (VB-G-RAM-G) में अब 125 दिन का रोजगार प्राप्त करें।
- एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए। पर्यावरण संरक्षण करें।
- सामाजिक पेंशन योजनाओं का लाभ उठाने हेतु यथा समय सत्यापन करवाऐ।
- स्वामित्व योजना के अंतर्गत अपनी संपत्ति को डिजिटाईज करवाऐ।
- सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें।
- साफ सफाई का ध्यान रखते हुए कचरा निर्धारित स्थान पर डालें।
- अपने वार्ड, मोहल्ले व घरों के सामने स्वच्छता बनाएं रखें।
- खुले में शौच नहीं करें, शौचालय का निर्माण करवायें।
- सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- प्रदुषण मुक्त यातायात साधनों का उपयोग करें।
- जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवायें।
- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा दें।
- बाल विवाह सामाजिक अपराध है इसे रोके, परिवार नियोजन अपनायें।
- 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।
- मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधरोपण करें।
- बंद नलकूप एवं कुऐं जो खुले पड़े है उनको उपयुक्त ढ़क्कन से बंद करें।
- पी.एम. सूर्य घर योजना में ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कर लाभ प्राप्त करें।

**सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठावें।
साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।**

**ग्राम पंचायत की ओर आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्राम पंचायतवासी अधिक से अधिक भाग लेवें।**

## केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में पात्र व्यक्ति आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठावें

- मुख्यमंत्री वृद्धावस्था सम्मान पेंशन योजना
- मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना
- मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना
- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना
- मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना
- मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना
- मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना
- मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना
- लाडो प्रोत्साहन योजना
- श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना
- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना
- पालनहार योजना
- महात्मा गांधी नरेगा योजना
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
- प्रधानमंत्री आवास योजना
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना












**पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। पेड़ हमें फल, छाया और जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते है।**



**विकास अधिकारी**
पंचायत समिति, सूरजगढ़ (झुंझुनूं)

# 77वां गणतंत्र दिवस

# हमारा संविधान ही हमें अभिव्यक्ति की आजादी देता है



हमारा संविधान ही हमें अभिव्यक्ति की आजादी देता है। अगर देश के नागरिक संविधान में प्रतिष्ठापित बातों को अनुसरण करेंगे तो इससे देश में अधिक लोकतांत्रिक मूल्यों का उदय होगा। भारत का संविधान सबको समान अधिकार देता है, भारतीय संविधान किसी से भी जाति, धर्म, ऊंच-नीच और अमीरी-गरीबी के आधार पर कभी भी भेदभाव नहीं करता है। आज बेशक भारत विश्व की उभरती हुई शक्ति है। लेकिन आज भी देश काफी पिछड़ा हुआ है। देश में आज भी कन्या जन्म को दुर्भाग्य माना जाता है, और आज भी भारत के रूढ़िवादी समाज में हजारों कन्याओं की भ्रूण में हत्या की जाती है। सड़कों पर महिलाओं पर अत्याचार होते हैं। सरेआम महिलाओं से छेड़छाड़ और बलात्कार के किस्से भारत देश में आम बात हैं। कई युवा (जिनमें भारी तादात में लड़कियां भी शामिल हैं) एक तरफ जहां हमारे देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। वहीं कई ऐसे युवा भी हैं जो देश को शर्मसार कर रहे हैं। दिनदहाड़े युवतियों का अपहरण, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न कर देश का सिर नीचा कर रहे हैं। हमें पैदा होते ही महिलाओं का सम्मान करना सिखाया जाता है पर आज भी विकृत मानसिकता के कई युवा घर से बाहर निकलते ही महिलाओं की इज्जत को तार-तार करने से नहीं चूकते। इस सबके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार शिक्षा का अभाव है। शिक्षा का अधिकार हमें भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों के रूप में अनुच्छेद 29-30 के अन्तर्गत दिया गया है। लेकिन आज भी देश के कई हिस्सों में में नारी शिक्षा को सही नहीं माना जाता है। नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के साथ भारतीय समाज को भी आगे आना होगा। तभी देश में अशिक्षा जैसे अँधेरे में शिक्षा रुपी दीपक को जलाकर उजाला किया जा सकता है। देश में आज अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश विरोधी ताकतें बढ़ रही हैं, यही देश विरोधी ताकतें संविधान की गलत तरीके से व्याख्या करती हैं। यही देश विरोधी ताकतें देश में अराजकता फैलाने में अहम् भूमिका निभाती है। आज देश में देश विरोधी ताकतें संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का गलत तरीके से उपयोग कर रही हैं। अभिव्यक्ति की आजादी का दुरूपयोग करना भारतीय संविधान का अपमान है। देश में आज कुछ ताकतें तुष्टिकरण का काम कर रही हैं और देश को धर्म के आधार पर बांटने का प्रयास कर रही हैं। देश में आज इन्ही देश विरोधी ताकतों की शह पर कोई पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाता है तो कोई भारत मुर्दाबाद के नारे लगाता है और कुछ राजनैतिक दल ऐसे लोगों की तरफदारी करके उनका साथ देकर उनको संरक्षण देते हैं। ऐसे देश विरोधी लोग इन्हीं राजनैतिक दलों कि शह पर देश का माहौल खराब करने की कोशिशें करते हैं। भारत देश बेशक एक स्वतंत्र गणराज्य सालों पहले बन गया हो। लेकिन इतने सालों बाद आज भी देश में धर्म, जाति और अमीरी गरीबी के आधार पर भेदभाव आम बात है। लोग आज भी जाति के आधार पर ऊंच-नीच की भावना रखते हैं। आज भी लोगों में सामंतवादी विचारधारा घर करी हुयी है और कुछ अमीर लोग आज भी समझते हैं कि अच्छे कपडे पहनना, अच्छे घर में रहना, अच्छी शिक्षा प्राप्त करना और आर्थिक विकास पर सिर्फ उनका ही जन्मसिद्ध अधिकार है। इसके लिए जरूरी है कि देश में संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा के अधिकार के जरिए लोगों में जागरूकता लायी जाये। जिससे कि देश में धर्म, जाति, अमीरी-गरीबी और लिंग के आधार पर भेदभाव न हो सके। भारत में संविधान लागू हुए बेशक 76 साल के करीब होने आये, लेकिन अब भी भारत देश में बाल अधिकारों का हनन हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने की उम्र में काम करते दिख जाते हैं। आज बाल मजदूरी समाज पर कलंक है। इसके खात्मे के लिए सरकारों और समाज को मिलकर काम करना होगा। साथ ही साथ बाल मजदूरी पर पूर्णतया रोक लगनी चाहिए। बच्चों के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए अनेक योजनाओं का प्रारंभ किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। और शिक्षा का अधिकार भी सभी बच्चों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। गरीबी दूर करने वाले सभी व्यावहारिक उपाय उपयोग में लाए जाने चाहिए। बालश्रम की समस्या का समाधान तभी होगा जब हर बच्चे के पास उसका अधिकार पहुंच जाएगा। इसके लिए जो बच्चे अपने अधिकारों से वंचित हैं, उनके अधिकार उनको दिलाने के लिये समाज और देश को सामूहिक प्रयास करने होंगे।

आज देष के प्रत्येक नागरिक को बाल मजदूरी का उन्मूलन करने की जरूरत है। और देश के किसी भी हिस्से में कोई भी बच्चा बाल श्रमिक दिखे, तो देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह बाल मजदूरी का विरोध करे। और इस दिशा में उचित कार्यवाही करें साथ ही साथ उनके अधिकार दिलाने के प्रयास करें। भारत देश में कानून बनाने का अधिकार केवल भारतीय लोकतंत्र के मंदिर भारतीय संसद को दिया गया है। जब भी भारत में कोई नया कानून बनता है तो वो संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) से पास होकर राष्ट्रपति के पास जाता है। जब राष्ट्रपति उस कानून पर बिना आपत्ति किये हुए हस्ताक्षर करता है तो वो देश का कानून बन जाता है। लेकिन आज देश के लिए कानून बनाने वाली भारतीय लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था भारतीय संसद की हालत दयनीय है। जो लोग संसद के दोनों सदनों में प्रतिनिधि बनकर जाते हैं, वो लोग ही आज संसद को बंधक बनाये हुए हैं। जब भी संसद सत्र चालू होता है तो संसद सदस्यों द्वारा चर्चा करने की बजाय हंगामा किया जाता है। और देश की जनता के पैसों पर हर तरह की सुविधा पाने वाले संसद सदस्य देश के भले के लिए काम करने की जगह संसद को कुश्ती का मैदान बना देते हैं। जिसमें पहलवानी के दांव पेचों की जगह आरोप प्रत्यारोप और अभद्र भाषा के दांव पेंच खेले जाते हैं। जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। आज जरुरत है कि देश के लिए कानून बनाने वाले संसद सदस्यों के लिए एक कठोर कानून बनना चाहिए। जिसमे कड़े प्रावधान होने चाहिए। जिससे कि संसद सदस्य संसद में हंगामा खड़ा करने की जगह देश की भलाई के लिए अपना योगदान दें। भारत देश में कानून का राज स्थापित हुये बेशक कई दशक हो गए हों लेकिन आज भी देश के बहुत लोग अपने आप को कानून से बढ़कर समझते हैं। और तमाम तरह के अपराध करते हैं। आज जरूरत है भारत के प्रत्येक नागरिक को भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त कानूनों का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। और उनका पालन करने के लिए जागरूक करना चाहिए, जिससे की समाज और देश में फैले अपराधों पर रोक लग सके। इसके साथ-साथ भारतीय संविधान द्वारा भारतीय नागरिकों को दिए गए मौलिक अधिकारों को जन-जन तक सरकार को पहुँचाना चाहिए। इन मौलिक अधिकारों को देश के आखिरी आदमी तक पहुँचाने के लिए सरकार के साथ-साथ भारतीय समाज की भी अहम भूमिका होनी चाहिए। तभी भारत देश रूढ़िवादी सोच से मुक्ति पा सकता है। गणतंत्र दिवस प्रसन्नता का दिवस है इस दिन सभी भारतीय नागरिकों को मिलकर अपने लोकतंत्र की उपलब्धियों का उत्सव मनाना चाहिए और एक शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं प्रगतिशील भारत के निर्माण में स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लेना चाहिए। क्योंकि भारत देश सदियों से अपने त्याग, बलिदान, भक्ति, शिष्टता, शालीनता, उदारता, ईमानदारी, और श्रमशीलता के लिए जाना जाता है। तभी सारी दुनिया ये जानती और मानती है कि भारत भूमि जैसी और कोई भूमि नहीं, आज भारत एक विविध, बहुभाषी, और बहु-जातीय समाज है। जिसका विश्व में एक अहम स्थान है। आज का दिन अपने वीर जवानों को भी नमन करने का दिन है जो कि हर तरह के हालातों में सीमा पर रहकर सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित महसूस कराते हैं। साथ-साथ उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करने का भी दिन हैं, जिन्होंने हमारे देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई। आज 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के प्रत्येक नागरिक को भारतीय संविधान और गणतंत्र के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहरानी चाहिए और देश के समक्ष आने वाली चुनौतियों का मिलकर सामूहिक रूप से सामना करने का प्रण लेना चाहिए। साथ-साथ देश में शिक्षा, समानता, सदभाव, पारदर्शिता को बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए। जिससे कि देश प्रगति के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ सके।




## कार्यालय राजकीय उप जिला अस्पताल

क्रमांकः- 1561

चिड़ावा (झुंझुनूं)

दिनांक 24/01/2026

### गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**उच्च रक्तचाप के कारण, लक्षण व उपाय**

**कारण**

1. वंशानुगतताः- यदि आपके परिवार में किसी को हाई ब्लडप्रेशर है।
2. बढ़ती उम्रः- जैसे जैसे उम्र बढ़ती है, रक्त वाहिकाओं में कठोरता आने लगती है।
3. मोटापाः- अधिक वजन का होना।
4. कम व्यायामः- नियमित रूप से व्यायाम न करने के कारण।
5. शराब और तंबाकू के सेवन के कारण
6. तनावः- लगातार तनाव या चिंता के कारण
7. कैफीन का सेवन करने के कारण

**लक्षण**

1. दृष्टि में परिवर्तन
2. छाती में दर्द
3. चक्कर आना
4. सांस लेने में कठिनाई
5. सिर दर्द रहना
6. नाक से ब्लड आना
7. अनुवांशिक

**उपाय**

1. पानी का ज्यादा मात्रा में सेवन करे।
2. नमक मसालों पर नियंत्रण रखे।
3. हल्के भोजन का सेवन।
4. फल, स्लाद, सूप और सब्जियों का सेवन करें।
5. नियमित रूप से व्यायाम करें।
6. शराब व धुम्रपान, तम्बाकू आदि का सेवन न करें।
7. वजन को संतुलित रखें।

**लकवा (मस्तिष्क का दौरा) के लक्षण**

1. शरीर के एक तरफ के चेहरे, हाथ, पांव में सुनापन, कमजोरी महसूस होना।
2. अचानक लडखड़ाना, चक्कर आना।
3. भ्रम की स्थिति।
4. बोलने व समझने में मुश्किल।
5. तेज सिर दर्द होना।
6. बार-बार जी मचलना और उल्टी होना।

**हृदय की बीमारी के लक्षण**

1. छाती में दर्द, भारीपन, जलन, दबाव।
2. सांस फूलना।
3. हृदय की गति असामान्य होना।

**कैंसर के लक्षण**

1. वजन कम होना।
2. गाँठ होना।
3. घाव होना।
4. लम्बी खांसी होना।
5. लम्बी बुखार, रात में पसीना आना।
6. मुँह में छाले होना।
7. पाचन में बदलाव होना।
8. रक्त स्त्राव होना।
9. स्तन में बदलाव

**मधुमेह रोग के कारण, लक्षण व उपाय**

**कारण**

1. अतिरिक्त वजन (मोटापा)
2. शारीरिक निष्क्रियता
3. खराब खानपान
4. पारिवारिक इतिहास
5. तनाव

**लक्षण**

1. बार-बार पेशाब आना।
2. अत्याधिक प्यास लगना।
3. बहुत भूख लगना।
4. थकान रहना।
5. घावों का धीरे-धीरे ठीक होना।

**उपाय**

1. पौष्टिक आहार
2. फाइबर और प्रोबायोटिक्स
3. नियमित व्यायाम
4. तनाव प्रबंधन
5. वजन पर नियंत्रण

**डॉ. नितेश जांगिड़**
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
राजकीय उप जिला अस्पताल, चिड़ावा (झुंझुनूं)

आप सभी को
# गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

# कार्यालय नगर पालिका मण्डल मण्डावा (झुंझुनू)

Ph. 01592-223136 Email- mandava.jaipur@gmail.com

क्रमांक :- 4847 दिनांक :- 22/01/2026

## स्वच्छता हेतु शहरवासियों से अपील

- घर, प्रतिष्ठान, दुकान, हाथ थैला एवं खाद्य सामग्री विक्रेता कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।
- पॉलिथिन (कैरी बैग) Singal Use Plastic का प्रयोग नहीं करें।
- अपने पालतु पशुओं को आम रास्तों पर विचरण हेतु नहीं छोड़े।
- भवन निर्माण कार्य का मलबा सामग्री आम रास्ते पर डालकर यातायात अवरूद्ध नहीं करें।
- पालिका भूमि पर किसी प्रकार अतिक्र मण नहीं करे।
- पालिका के नगरीय विकास कर एवं सभी करों का समय पर भुगतान कर विकास में भागीदारी निभायें।
- पालिका एवं राजकीय सम्पति पर बिना अनुमति के विज्ञापन नहीं लिखें एवं चिपकाएँ।
- पालिका की बिना अनुमति के भवन निर्माण कार्य एवं रोड कटिंग का कार्य नहीं करें।
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपने घरों में शौचालयों का निर्माण कर उपयोग करे एवं खुले में शौच नहीं करें।
- अपने घरों का कचरा पालिका द्वारा घर-घर संग्रहण हेतु संचालित वाहनों में ही डालें।

(नरेश कुमार सोनी)
अध्यक्ष
नगरपालिका मण्डावा

समस्त पार्षदगण
नगरपालिका मण्डावा

(जेकीराम गोयल)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मण्डावा

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# कार्यालय नगर पालिका मण्डल सूरजगढ़ (झुंझुनू)

क्रमांक :- SPL-01 दिनांक :- 24/01/2026

## स्वच्छता-हेतु-शहरवासियों-से-अपील

- घर, प्रतिष्ठान, दुकान, हाथ थैला एवं खाद्य सामग्री विक्रेता कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।
- पॉलिथिन (कैरी बैग) Singal Use Plastic का प्रयोग नहीं करें।
- अपने पालतु पशुओं को आम रास्तों पर विवरण हेतु नहीं छोड़े।
- भवन निर्माण कार्य का मलबा सामग्री आम रास्ते पर डालकर यातायात अवरूद्ध नहीं करें।
- पालिका भूमि पर किसी प्रकार अतिर मण नहीं करे।
- पालिका के नगरीय विकास कर एवं सभी करों का समय पर भुगतान कर विकास में भागीदारी निभायें।
- पालिका एवं राजकीय सम्पति पर बिना अनुमति के विज्ञापन नहीं लिखें एवं चिपकाएँ।
- पालिका की बिना अनुमति के भवन निर्माण कार्य एवं रोड कटिंग का कार्य नहीं करें।
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपने घरों में शौचालयों का निर्माण कर उपयोग करे एवं खुले में शौच नहीं करें।
- अपने घरों का कचरा पालिका द्वारा घर-घर संग्रहण हेतु संचालित वाहनों में ही डालें।

(पुष्पा सेवाराम गुप्ता)
अध्यक्ष
नगरपालिका सूरजगढ़

समस्त पार्षदगण
नगरपालिका सूरजगढ़

(तौफिक अहमद)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सूरजगढ़

## अजाक की कार्यकारिणी गठित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय निम्बीजोधा मार्ग स्थित निजी होटल पर अजाक की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगदीश राय ने की। इस मिटिगं में लाडनूं की अजाक कार्यकारिणी का चुनाव सर्व सम्मति से संपन्न हुआ। जिला महासचिव किस्तूरमल वर्मा एवं उपाध्यक्ष किशनलाल कांसोटियाँ के नेतृत्व में सर्व सम्मति से कार्य कारिणी का गठन किया गया। जिसमें तहसील अध्यक्ष भगवान राम रोहलण, तहसील महासचिव सदासुख मेघवाल, तहसील उपाध्यक्ष छगनलाल गर्वा, तहसील कोषाध्यक्ष सुखाराम, संयुक्त सचिव हनुमानराम, मीडिया प्रभारी छगनाराम मौर्य, तहसील प्रवक्ता हरिकिशन आलडिया को नियुक्त किया गया। इस कार्य कारिणी का गठन सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। और तहसील अध्यक्ष को सुझाव दिया गया और शीघ्र ही तहसील की मिटिंग आयोजित कर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया । इस अवसर पर नव निर्वाचित मनोनयन कार्य कारिणी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## जिला कलेक्टर ने ट्रोमा सेंटर सहित विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने रविवार को एस.के. अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने ट्रोमा सेंटर, आपातकालीन वार्ड, सामान्य वार्ड, ओपीडी सहित अस्पताल के विभिन्न विभागों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, मरीजों को दी जा रही सेवाओं, दवाओं की उपलब्धताए साफसफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर



उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कलेक्टर ने अस्पताल के पीएमओ डॉ. के.के अग्रवाल को आईसीयू में टाईल्स की मरम्मत कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने फिमेल सर्जिकल वार्ड में भर्ती दो महिला सफाई कर्मियों, जनरल सरजरी वार्ड में भर्ती धोद क्षेत्र के सरवडी गांव के रोगी लक्ष्मणराम से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल परिसर में बने फाउंटेन की साफ-सफाई करवाकर चालू करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने ट्रोमा सेंटर में उपलब्ध संसाधनों, चिकित्सकीय उपकरणों एवं स्टाफ की तैनाती की समीक्षा करते हुए कहा कि आपातकालीन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि दुर्घटना एवं गंभीर मरीजों को त्वरित उपचार मिल सके। साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस दौरान सीकर पूर्व विधायक रतन लाल जलधारीएपीएमओ डॉ. के.के अग्रवाल सहित अस्ताल के कार्मिक उपस्थित रहें।

## सनातन धर्म समिति ने मनाया मंदिर का स्थापना दिवस



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** श्री सनातन धर्म समिति के तत्वावधान में रविवार को सनातन धर्म मंदिर का स्थापना दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एचसीएल निदेशक खदान जीडी गुप्ता रहे। जबकि अध्यक्षता मंदिर कमेटी अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना ने की। कार्यक्रम में महिला समाज अध्यक्ष रीना गुप्ता, वीके इंद्रा, मनीष गवई, समाजसेवी हरिराम गुर्जर, बबलू अवाना, जुगल किशोर सैनी, रविंद्र फौजी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। पंडित सुमन तिवाड़ी एवं पंडित विमल शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर भगवान को भोग अर्पित किया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजकुमार जलंद्रा, आलोक जेदिया, आनंद शर्मा, संजय केडिया, हिम्मत बंसल, प्रेम, मंदिर मंत्री विमल शर्मा, घनश्याम दास, राजेश दोचानिया, नरेश मीणा, जितेंद्र सोनी, राजेश नारवाल, विकाश शर्मा, नागेश राजपुरोहित, एमएल जोशी, राजवीर, उत्तम सोलंकी, घीसाराम, संजय जिंदड़ सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर निकाली बाइक रैली



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को देशभर में आयोजित किए जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत जन-जागरूकता फैलाने और हिंदू समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से मानसरोवर भाग की कमला नेहरू नगर बस्ती में भव्य दुपहिया वाहन बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य आगामी आठ फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन का संदेश जन-जन तक पहुंचाना, सामाजिक समरसता को सशक्त करना तथा राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना रहा। रैली में सैकड़ों युवाओं के साथ माताओं-बहनों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और हाथों में भगवा ध्वज लेकर क्षेत्र में भ्रमण किया। यह बाइक रैली संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी संपर्क एवं जन जागरण अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा रही। रैली में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों की उपस्थिति रही और इसके माध्यम से समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया।

## माय भारत माई वोट कार्यक्रम आयोजित




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत माई भारत विभाग द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों तथा जिला मुख्यालयों में माई भारत माई वोट के नारे के साथ श्राष्ट्रीय मतदाता दिवस पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एक राष्ट्रव्यापी युवा लामबंदी पहल है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए सूचित, नैतिक और सहभागी चुनावी जुड़ाव को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में माय भारत सीकर के द्वारा परम डिफेंस अकादमी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माय भारत के स्वयंसेवक एवं पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत में ष्माय भारत माई वोट के नारे के साथ पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात नए वोटर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी युवाओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला समन्वयक राकेश कुमार लाटा, परम डिफेंस अकादमी के निदेशक रमेश गढ़वाल, जिला युवा अधिकारी मोहित कुमार एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे । राकेश कुमार लाटा के द्वारा युवाओं के साथ मतदाता जागरूकता को लेकर संवाद किया गया।जिला युवा अधिकारी मोहित कुमार ने युवाओं को जागरूक, जिम्मेदार और चुनावी प्रक्रिया में स्वामित्व की भावना के साथ लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। रमेश गढ़वाल ने युवाओं को इस तरह के कार्यक्रम में जुड़ने की अपील की । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में रघुवीर मील, सुनील कुमार एवं युवा साथियों का सहयोग रहा।

## यूडीएच मंत्री खर्रा ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रविवार को सीकर नगर परिषद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर शहर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने वाली अनेक परियोजनाओं को आमजन को समर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यूडीएच राज्य मंत्री खर्रा ने सर्वप्रथम लाइन एवं एसटीपी 4.5 एमएलडी कार्य का लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त 3.84 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बाल भवन को भी जनता को समर्पित किया गया। नगर परिषद क्षेत्र में 26.42 लाख रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न सीसी सड़कें, बीटी सड़कें तथा नाला-नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का लोकार्पण किया गया। शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 84.96 लाख रुपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर निर्मित सीटीए पीटी एवं पिंक टॉयलेट्स का उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में 27.87 लाख रुपये की लागत से वेस्ट-टू-वेल्थ पार्क, तोदी नगर के कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में



6.71 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मैकेनिकल ट्रांसफर स्टेशन के कार्य को पूर्ण घोषित किया गया। नगर परिषद क्षेत्र में 10.25 करोड़ रुपये की लागत से सीसी सड़कें, बीटी सड़कें तथा नाला-नाली के व्यापक निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का लोकार्पण किया गया। बजट घोषणा के तहत 1.06 करोड़ रुपये की लागत से सीकर शहर में पांच स्थानों पर निर्मित पिंक टॉयलेट्स का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही 5.15 करोड़ रुपये की लागत से लिगेसी वेस्ट निस्तारण कार्यों का शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सुविधा केंद्रों एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद सीकर में एक नागरिक सेवा केंद्र का शुभारंभ भी किया गया। यूडीएच मंत्री खर्रा ने बताया कि नागरिक सेवा केंद्र के माध्यम से नगर परिषद से संबंधित निर्माण स्वीकृति, पट्टा, भूखंड विभाजन, निजीकरण सहित सभी प्रकार के कार्यों के लिए आमजन को बार-बार भटकना नहीं पड़ेगा। नागरिक सेवा केंद्र पर टोकन प्रणाली के माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे तथा यदि आवेदन में कोई कमी होगी तो उसे मौके पर ही दुरुस्त कराया जाएगा। पूर्ण आवेदन जमा होने के पश्चात नियमानुसार कार्यवाही कर संबंधित स्वीकृति अथवा सेवा आमजन को घर बैठे उपलब्ध कराई जाएगी। यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि सरकार आमजन की सुविधा के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि पूर्व में नगर निकायों के पास उपलब्ध भूमि के संबंध में अनियमितताएं हुई, जिसके कारण कई स्थानों पर विवाद एवं मुकदमे दर्ज हुए। अब सरकार द्वारा सभी नगर निकायों का सीमा विस्तार किया गया है, जिससे नई सरकारी भूमि नगर निकाय क्षेत्र में आई है। इन भूमियों के नामांतरण के पश्चात आवश्यकता अनुसार आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार अतिक्रमण एवं अवैध कब्जों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई कर रही है तथा स्वच्छता को लेकर भी राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जहां जन सहयोग मिल रहा है, वहां स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, पूर्व विधायक सीकर रतन लाल जलधारी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, आयुक्त नगर परिषद शशिकांत शर्मा, यूआईटी सचिव जे.पी. गौड़ सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पार्षद ने सड़क निर्माण का लिया जायजा

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** वार्ड नंबर 26 में पुरानी एसबीआई श्याम तोरण द्वार से धायल अस्पताल के सामने श्याम तोरण द्वार तक नगर पालिका रींगस के द्वारा बनाई जा रही सीसी सड़क का वार्ड की पार्षद दीपा गंगावत ने निरीक्षण किया। मौके पर ही कार्यकारी एजेंसी के ठेकेदार को करीब 400 मीटर लंबे इस सड़क मार्ग पर उपयुक्त स्थान पर पौधे लगाने तथा बारिश के मौसम में पानी एकत्रित नहीं हो इसके लिए भूमिगत नालों से कनेक्टिविटी करने के लिए कहा। पार्षद दीपा गंगावत ने सड़क की गुणवत्ता की जांच की, जिस पर दुकानदारों ने कार्य की प्रशंसा की। पार्षद दीपा गंगावत ने बताया कि आगामी माह में श्याम बाबा का फाल्गन मेला है इससे पहले ही इस मुख्य सड़क मार्ग पर सीसी सड़क का निर्माण करवाया गया है ताकि आने वाले श्याम भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



साथ ही मार्ग पर स्थापित दुकानदारों की सुविधा का भी ध्यान रखकर समानता के साथ कार्य करवाया गया है। पूर्व में इस पूरे मार्ग पर बारिश का पानी एकत्रित हो जाने से दुकानदारों व निवासियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था। उसके बाद में सीसी सड़क का निर्माण करवाया करवाया जा रहा हे ताकि बार बार तोड़फोड़ से राजस्व का नुकसान ना हो।

## प्रजापत समाज का तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड 7 प्रजापति धर्मशाला में प्रजापत समाज का तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सर्व कुम्हार महासभा के प्रदेशाध्यक्ष चंद्राराम गुरी, विशिष्ट अतिथि दौलतराम पेंसिया, तारानगर एसडीएम राजेन्द्र कुमार, सरदारशहर एसडीएम रामकुमार, पूर्व डीडीसी रामेश्वर, डीईईओ ओमप्रकाश, महंत कृष्णगिरी, अध्यक्ष राजकुमार खाटीवाल, डॉ अनामिका प्रजापति, भागचंद किरोड़ीवाल आदि ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रजापत समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया। अतिथियों ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है उन्हें प्रोत्साहित कर आगे बढ़ने



का मौका दें तभी समाज आगे बढ़ेगा। संचालन नरसाराम व श्रीचंद नोखवाल ने किया। समारोह में भंवरलाल दादरवाल, राकेश आयतान, महेंद्र बागोरिया, गोपीराम आयतान, लीलाधर बागोरिया, रामचन्द्र आयतान, सीताराम बाबरिया, रामचन्द्र कुलासिया, काशीराम बागोरिया, भगवानाराम आयतान, कृष्ण किरोड़ीवाल, विनोद बाबरिया, रमेश किरोड़ीवाल, सुरेंद्र घासोलिया, उदमीराम आयतान, रामकला नोखवाल, महावीर भाटीवाल, मोहन बाबरिया, हूणताराम आयतान, पदमाराम आदि प्रजापत समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

## विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पीरू सिंह बस्ती में आगामी 8 फरवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की पूर्व तैयारियों को लेकर बस्ती के लोगों की एक बैठक न्यू कॉलोनी हनुमान मंदिर में विभाग प्रचारक मुकेश के आतिथ्य में संपन्न हुई जिसमें उस दिन होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। जानकारी देते हुए शाखा कार्यवाह हेमंत सोनी ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष पर बस्ती में होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन में 8 फरवरी को सुबह सवा 9 बजे श्री हनुमान मंदिर से विशाल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें सैकड़ों मातृ शक्ति भाग लेगी। कलश यात्रा के बाद यज्ञ का आयोजन किया जाएगा उसके पश्चात सवा 1 बजे से विराट हिंदू सम्मेलन सभा आयोजित होगी। हेमंत सोनी ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बस्ती के घर घर जाकर जनसंपर्क कर निमंत्रण दे रहे हैं। बैठक में राम कथा वाचक अयोध्या के संत धर्मदास महाराज ने राष्ट्रीय भक्ति पर प्रवचन दिए। तैयारी बैठक में जिला प्रचारक भगत सिंह, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, सुधीर चाहर, मनोज कुंडलवाल, कैलाश कुमावत, धर्मपाल कुमावत, रामगोपाल शर्मा, रामचंद्र शर्मा, विनोद जांगिड़, रतन यादव, नरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में बस्ती के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक सम्मानित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम रविवार को श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ संपादित करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा ने उपस्थितजनों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रत्येक मतदाता का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य अधिक से अधिक



मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना, उन्हें जागरूक करना एवं सही माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं निर्वाचन से जुड़े कार्मिकों को सम्मानित किया गया। अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी रतन कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान में सीकर जिले के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गयाए जिसके परिणामस्वरूप जिला राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर रहा। उन्होंने शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना करते हुए बताया कि एसआईआर फॉर्म का ऑनलाइन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया। सिविल डिफेंस द्वारा भी उल्लेखनीय सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थितजनों को मतदाता दिवस की शपथ भी दिलवाई गई। इसके अतिरिक्त मतदान एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया गया।

### ये हुये सम्मानित

इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह शेखावत, रमेश कुमार शर्मा, महेन्द्र सिंह, राकेश कुल्हरी, विकास कुमार, सुनील कुमार जांगिड़, धर्मराज हाथीवाल, कादर खान, नानक राम, अलतीफ अली, रणवीर कुमार, नरोतम लाल, प्रमोद कुमार सैनी, कैलाश चन्द्र, किशोर सिंह, अनिता कुमारी, सुरेन्द्र कुमावत, राजेन्द्र सिंह, मूलचंद बलाई, घनश्याम मुण्डोतिया, रविन्द्र यादव, अशोक कुमार मीणा, चन्द्रप्रकाश सैनी, राकेश कानव, राजेश कुमार, विक्रम सैनी, अभिषेक यादव, चन्द्रप्रकाश सैन, केदारनाथ शर्मा, बिजेन्द्र कुड़ी, राकेश कुमार, सांवरमल वर्मा, हंसराज कुमावत, शिवदयाल गर्वा, सचिन मंडीवाल, महेश कुमार मीणा, धनेश जाखड़, राहुल सैनी, सद्दाम हुसैन, मोहित, सुरेश कुमार शर्मा, प्रकाश गवारिया, सुरेन्द्र कुमार, रामनरेश ढ़ाका, देव शर्मा एवं महावीर सिंह, प्रोग्रामर ललीत कुमार, चन्द्रप्रकाश भडिया, रवि जोशी, मुकेश निठारवाल, सोमेश शर्मा, प्रिया झाझडिया, सुनिता पाण्डेय, रामकिशन, राजेन्द्र कुमार मातवा, कविता को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

इस दौरान सीओ स्काउट गाईड बसंत लाटा के निर्देश में स्काउट गाईड के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर सराहना कि गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, एसडीएम सीकर निखिल कुमार, जिला साक्षरता अधिकारी डॉ. चन्द्रप्रकाश महर्षि, समन्वयक राकेश कुमार लाटा, जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश जैमन, सीओ स्काउट बसंत लाटा सहित निर्वाचन से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, महाविद्यालय का शिक्षण स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू को जिंदा जलाया

### गैराज में सो रहा था, बाहर से आग लगा दी; पिछले 40 दिनों में 10 हिंदुओं की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या का मामला सामने आया है। 23 साल के चंचल चंद्र भौमिक का जला हुआ शव शुक्रवार रात एक गैराज के अंदर मिला। परिवार ने इसे सोची-समझी हत्या बताया है।

घटना नरसिंदी शहर के पुलिस लाइंस से सटे मस्जिद मार्केट इलाके में हुई। चंचल जिस गैराज में काम करता था, उसी के अंदर उसका शव मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त चंचल गैराज के अंदर सो रहा था। रात के समय किसी ने बाहर से शटर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग तेजी से अंदर फैल गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190